# कार्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित

वन धन भवन, सेक्टर 24 नवा रायपुर अटल नगर जिला - रायपुर

दूरभाषः (0771) 2513100 से 2513110

nail : mfpfed.cg@nic.in Website : www.cgmfpfed.org GST No. 2AABAC5137E2ZC


2025 अंतर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष

## इंटर्नस चयन हेतु साक्षात्कार (वॉक-इन-इन्टरव्यू) के संबंध में सूचना

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, अटल नगर, नवा रायपुर द्वारा जिला यूनियन अंतर्गत वन धन विकास केन्द्र के सुदृढ़ीकरण हेतु राज्य के विभिन्न जिला यूनियनों में **इंटर्नस ( लैब एनालिस्ट- सामान्य एवं माइक्रो.)** का चयन **वॉक-इन-इन्टरव्यू** के माध्यम से किये जाने हेतु **संबंधित कार्यालय- मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक, वन वृत्त, (छ.ग.)** में साक्षात्कार का आयोजन किया जाना है ।

इस हेतु योग्य अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार प्रारंभ होने के 1 घंटे पूर्व संबंधित वृत्त कार्यालय में उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग लेवें । साक्षात्कार का समय सारणी एवं साक्षात्कार स्थल का विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | तिथि | समय | समस्त रिक्तियां | मानदेय | रिक्त पदों का विवरण | साक्षात्कार स्थल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1. | **24.02.2026** | दोप. 10:00 बजे से 05:30 बजे तक | इंटर्न (लैब)- सामान्य एवं माइक्रो. | 15,000 + प्रदर्शन के आधार पर इंसेन्टिव + कार्य प्रगति के आधार पर 1500 मासिक अनुसंधान भत्ता | जगदलपुर (01 सामान्य), कांकेर (02 सामान्य), बिलासपुर (02 सामान्य), रायपुर वृत्त (01 सामान्य) बलौदाबाजार- रायपुर लैब (माइक्रो-01), संघ मुख्यालय (01 सामान्य) | **संबंधित वन वृत्त कार्यालय (जगदलपुर, रायपुर, बिलासपुर एवं कांकेर) (प्रदर्श-1)** |
| | **कुल** | | | | **08** | |

साक्षात्कार के संबंध में अतिरिक्त जानकारी हेतु दूरभाष नं. 0771-2513100 से संपर्क स्थापित करें ।

**प्रबंध संचालक**
छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सह. संघ मर्या.
नवा रायपुर (छ.ग.)

# -:: इंटर्नशिप चयन हेतु विज्ञापन एवं विस्तृत दिशा-निर्देश ::-

छ.ग. राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.) द्वारा विभिन्न परियोजनाओं के अन्तर्गत इंटर्नशीप प्रोग्राम में लघु वनोपज तथा हर्बल उत्पादों के गुणवत्ता नियंत्रण आदि क्षेत्रों में कार्य करने हेतु इच्छुक अभ्यर्थी को इंटर्न (लैब एनालिस्ट - सामान्य एवं माइक्रो.) के रूप में चयन करने हेतु जिले के संबंधित वन वृत्त कार्यालय में **दिनांक 24.02.2026** को **प्रातः 10.00** बजे से एक दिवसीय **वॉक-इन-इन्टरव्यू** का आयोजन किया जा रहा है ।

## 1. इंटर्नशीप हेतु रिक्तियों का विवरण -

### 1.1. इंटर्न (लैब एनालिस्ट - सामान्य एवं माइक्रो.) की वर्गवार रिक्तियां

| क्र. | वृत्त | जिला यूनियन | वर्गवार रिक्तियां | |
|---|---|---|---|---|
| | | | लैब (सामान्य) | लैब (माइक्रो.) |
| 1. | जगदलपुर | जगदलपुर | 1 | |
| 1. | कांकेर | कांकेर | 2 | - |
| 2. | रायपुर | रायपुर वृत्त | 1 | - |
| | | बलौदाबाजार-रायपुर लैब | - | 1 |
| 3. | बिलासपुर | बिलासपुर | 2 | - |
| 4. | संघ मुख्यालय | संघ मुख्यालय | 1 | - |
| योग | | | **7** | **1** |
| **महायोग** | | | **08** | |

निश्चित मासिक मानदेय के अतिरिक्त अनुसंधान भत्ता केवल कार्य प्रगति आधार पर देय होगा । कार्य की प्रगति का निर्धारण नियंत्रक अधिकारी अथवा संघ मुख्यालय द्वारा किया जावेगा ।

यह इंटर्नशीप प्रोग्राम पूर्ण कालिक प्रोग्राम है । चयनित इंटर्नस को इस कार्य हेतु पदस्थिति मुख्यालय में रहना अनिवार्य होगा । साथ ही सतत रूप से संपूर्ण राज्य क्षेत्र में या राज्य के बाहर के क्षेत्र भ्रमण करना होगा । ऐसा नही करने पर एकतरफा कार्यवाही करते हुए इंटर्नशीप की अवधि समाप्त की जावेगी । इंटर्नशीप अवधि पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी को सबंधित पदस्थिति स्थल द्वारा प्रमाण पत्र भी प्रदाय किया जावेगा ।

## 2. शैक्षणिक योग्यता:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | इंटर्न (लैब-एनॉलिस्ट- सामान्य) | बी.एस.सी. बायोटेक/केमेस्ट्री/फूड टेक्नालॉजी/न्यूट्रीशयन या बी.टेक बायोटेक, न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |
| | इंटर्न (लैब-एनॉलिस्ट- माइक्रो.) | एम.एस.सी. माइक्रो-बॉयोलाजी न्यूनतम 55 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण । |

### 3.1. कार्य दायित्व :-

3.1.1. **इंटर्न लैब एनालिस्ट** - लघु वनोपज संघ द्वारा वृत्त मुख्यालय में स्थापित लैब अंतर्गत निर्धारित मापदंडों के अनुरूप कच्चे वनोपज/हर्बल उत्पादों का फिजियोकेमिकल/माइक्रोबीएल परीक्षण करना तथा रिपोर्ट तैयार कर संबंधित केन्द्र /जिला यूनियन/संघ को सूचित करना ।

## 4. समय सारणी :-

| क्र. | विषय | रिक्तियां | तिथि | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वॉक-इन-इंटरव्यू (साक्षात्कार) का दिनांक, समय एवं साक्षात्कार स्थल | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | **दिनांक- 24.02.2026 स्थान - संबंधित वन वृत्त कार्यालय (जगदलपुर, रायपुर, बिलासपुर एवं कांकेर) (परिशिष्ट-1)** | प्रातः 10:00 बजे से |
| 2. | साक्षात्कार परिणाम घोषणा | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | **10.03.2026** | |
| 3. | चयनित इंटर्न उपस्थिति अंतिम दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | चयन आदेश जारी होने के 07 दिवस के भीतर | |
| 4. | चयनित इंटर्न के उपस्थिति न देने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में दर्शित अभ्यर्थियों को उपलब्ध रिक्तियों के लिए सूचना | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | अंतिम उपस्थिति दिनांक से 02 दिवस के भीतर | |
| 5. | चयनित इंटर्न के उपस्थिति न देने की स्थिति में प्रतीक्षा सूची में दर्शित अभ्यर्थियों का उपस्थिति अंतिम दिनांक | समस्त विज्ञापित रिक्तियां हेतु | चयन आदेश जारी होने के 07 दिवस के भीतर | |

## 5. आयु सीमाः-

5.1. निर्धारित शैक्षणिक योग्यता उत्तीर्ण करने के पश्चात अधिकतम 5 वर्ष तक के अभ्यर्थी इंटर्न रिक्तियां हेतु आवेदन कर सकते हैं परंतु अभ्यर्थी की अधिकतम आयु **31.01.2026** की स्थिति में 30 वर्ष से ज्यादा न हो ।

**6. निवासीः-** छत्तीसगढ़ के स्थानीय निवासी तथा जिले के मूल निवासी आवेदक को प्राथमिकता दिये जाने हेतु सक्षम अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र के आधार पर वरियता सूची में 5% प्रतिशत अतिरिक्त अंक प्रदाय किया जायेगा । अंतिम चयन प्राप्त अधिकतम अंको के आधार पर जारी वरीयता सूची में से किया जावेगा ।

## 7. चयन प्रक्रिया-

### 7.1. सामान्य निर्देश-

7.1.1. साक्षात्कार हेतु इच्छुक अभ्यर्थी मूल दस्तावेजों के साथ साक्षात्कार हेतु निर्धारित वन वृत्त कार्यालय एवं दिनांक को साक्षात्कार में भाग ले सकेंगे ।

7.1.2. साक्षात्कार दिनांक को प्राप्त आवेदनों के आधार पर वन वृत्त स्तर पर गठित समिति द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन उपरांत चयन प्रक्रिया प्रारंभ की जावेगी । अभ्यर्थियों को चयन प्रक्रिया के तहत साक्षात्कार में आने का यह तात्पर्य नही होगा कि उनका चयन हो गया है ।

7.1.3. लघु वनोपज संघ मुख्यालय हेतु प्रस्तावित पदों पर भी साक्षात्कार वन वृत्त कार्यालय रायपुर में होगा ।

7.1.4. एक बार इंटर्नशीप हेतु चयनित अभ्यर्थी पुनः इंटर्न हेतु पात्र नहीं होगें ।

7.1.5. शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार में प्राप्त अंक के आधार पर प्रावीण्य सूची जारी की जावेगी । यह साक्षात्कार वृत्त स्तर के चयन समिति द्वारा जिला यूनियन / वृत्त कार्यालय में किया जायेगा । संबंधित वृत्त के मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक द्वारा चयन

समिति गठित किया जायेगा । चयन आदेश संबंधित प्रबंध संचालक, जिला यूनियन द्वारा जारी किया जायेगा ।

7.1.6. चयन समिति के अनुशंसा के आधार पर मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक वन वृत्त द्वारा चयन तथा प्रतिक्षा सूची जारी किया जावेगा । किसी जिले में योग्य अभ्यर्थी न मिलने पर संबंधित वृत्त की चयन समिति अन्य जिले के अभ्यर्थी हेतु आदेश जारी कर सकते हैं । प्रथम चयनित अभ्यर्थी के उपस्थित नही होने पर प्रावीण्य सूची से अगले प्रतिक्षारत अभ्यर्थी हेतु आदेश जारी किया जा सकता है ।

7.2. **चयन प्रक्रिया के तहत अंको का विभाजन**- चयन प्रक्रिया हेतु वरीयता सूची निम्नानुसार तैयार की जावेगी -

| **विवरण** | **इंटर्नस (संग्रहण), (संरक्षण / वन संवर्द्धन)/(लाख)/(प्रसंस्करण)/(आयुर्वेद)/(मार्केटिंग)/ (लैब एनालिस्ट),** |
|---|---|
| शैक्षणिक योग्यता में प्राप्त कुल अंक का 80% | अधिकतम 80 अंक |
| जिले के मूल निवासी हेतु अंक | 5 अंक |
| साक्षात्कार | 15 अंक |
| **योगः-** | **100 अंक** |

शैक्षणिक योग्यता एवं साक्षात्कार में सर्वाधिक अंक पाने वाले वर्गवार अभ्यर्थियों का चयन किया जावेगा । चयन प्रक्रिया संबंधी किसी भी प्रकार के संशोधन अथवा निर्देशों के लिये संघ के वेबसाईट **www.cgmfpfed.org** का नियमित अवलोकन करते रहे ।

**8. मूल दस्तावेज सत्यापन** -

साक्षात्कार पूर्व आवेदक को निर्धारित प्रारूप में साक्षात्कार हेतु निर्धारित वन वृत्त कार्यालय में समस्त स्व प्रमाणित दस्तावेजों का परीक्षण कराया जाना अनिवार्य होगा । आवेदन के समय प्रस्तुत जानकारी एवं मूल दस्तावेज में अंकित जानकारी समान होने पर ही आवेदक चयन हेतु पात्र होगा । गलत जानकारी प्रस्तुत करने के कारण यदि चयन निरस्त की जाती है तो आवेदक स्वयं जिम्मेदार होगा ।

8.1. हाईस्कूल प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छाया प्रति ।

8.2. हायर सेकेण्ड्री एवं आवश्यक शैक्षणिक योग्यता के प्रमाण पत्र की अंक सूची की मूल प्रति एवं छाया प्रति ।

8.3. छत्तीसगढ़/संबंधित जिला का मूल निवासी प्रमाण पत्र की मूल प्रति एवं छाया प्रति ।

8.4. सक्षम अधिकारी द्वारा जारी की गई जाति प्रमाण पत्र ।

8.5. फोटो युक्त पहचान पत्र/एड्रेस प्रूफ (आधार कार्ड, ड्रायविंग लायसेन्स, पैन कार्ड या कोई भी राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी पहचान पत्र) ।

8.6. अन्य आवश्यक अभिलेख एवं छायाप्रति ।

**9. सामान्य दिशा निर्देशः-**

9.1. संभावित रिक्तियों की संख्या में कमी या वृद्धि हो सकती है ।

9.2. अपूर्ण, अस्पष्ट, त्रुटिपूर्ण आवेदन पत्रों को अस्वीकार कर दिया जावेगा एवं इस संबंध में उम्मीदवारों को कोई सूचना नहीं दी जावेगी ।

9.3. इंटर्न चयन हेतु अर्हता, चयन प्रक्रिया तथा अन्य संबंधित जानकारी संघ की वेबसाइड **www.cgmfpfed.org** पर उपलब्ध कराई जाएगी । इस संबंध में अभ्यर्थियों को पृथक से सूचना पत्र प्रेषित नहीं किया जावेगा । अतः आवेदक **www.cgmfpfed.org** का निरंतर अवलोकन करते रहें।

9.4. आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्तों को पूरा करने पर ही साक्षात्कार में उपस्थित होवें । चयन की किसी भी स्तर पर आवेदक को अयोग्य पाये जाने

पर उनका आवेदन पत्र निरस्त कर उनकी उम्मीदवारी समाप्त की जावेगी, इसके लिए किसी भी प्रकार की पृथक से सूचना नहीं दी जावेगी ।

9.5. विज्ञापन में तथ्यात्मक / लिपिकीय त्रुटि चयन के किसी भी स्तर में सुधारी जा सकती है, जिसकी विधिवत सूचना वेबसाईट **www.cgmfpfed.org** में प्रकाशित होगी । ऐसे त्रुटि सुधार से चयन की प्रक्रिया अप्रभावित रहेगी । इसके संबंध में कोई भी अभ्यावेदन स्वीकार नही होगा ।

9.6. चयन के संबंध में चयनकर्ता अधिकारी का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा ।

9.7. इंटर्नशीप की अवधि 1 वर्ष के लिए होगी । इंटर्न का चयन पूर्ण रूप से अस्थाई रहेगा ।

9.8. इंटर्नशीप हेतु एक बार चयनित अभ्यर्थी का चयन दोबारा इंटर्नशीप हेतु नहीं किया जावेगा ।

9.9. जिला के विरूद्ध दर्शित रिक्तियों में चयनित आवेदक को उसी जिला यूनियन के अंतर्गत चयन किया जायेगा, चयन के दौरान/इंटर्नशीप अवधि के दौरान आवश्यकतानुसार पदस्थिति परिवर्तित की जा सकती है । परिवर्तित पदस्थिति पर उपस्थित न होने की दशा में इंटर्नशीप समाप्त की जा सकती है ।

9.10. चयनित आवेदकों को छत्तीसगढ़ के वनवासियों के आजीविका के लिये कार्य करना है । इस हेतु आवेदक को जिला यूनियन व दूरस्थ क्षेत्र तथा सम्पूर्ण राज्य में किसी भी स्थान पर चयनकर्ता अधिकारी अथवा सक्षम अधिकारी के निर्देशानुसार क्षेत्र भ्रमण किया जाना होगा । क्षेत्र भ्रमण दूरस्थ एवं संवेदनशील क्षेत्रों में भी किया जाना होगा । आवश्यकतानुसार राज्य के बाहर भी प्रवास पर जाना होगा । तदानुसार इच्छुक अभ्यर्थी ही आवेदन प्रस्तुत करें ।

9.11. इंटर्नशीप के दौरान उभय पक्षों द्वारा एक माह का मानदेय अथवा एक माह का नोटिस देकर इंटर्नशीप समाप्त की जा सकती है ।

9.12. चयन हेतु आवेदक की पात्रता / अपात्रता के संबंध में अंतिम निर्णय लेने का अधिकार संबंधित वृत्त/जिला यूनियन के सक्षम अधिकारी का होगा ।

9.13. ऐसे आवेदक जिन्हें पूर्व में अनुशासनहीनता / अनुचित व्यवहार या अनियमितता के आधार पर दंडित किया गया हो वह चयन हेतु पात्र नही होगा ।

9.14. किसी भी आवेदक द्वारा यदि गलत जानकारी प्रस्तुत की गयी है, तो चयन प्रक्रिया के समय अथवा चयन के पश्चात किसी भी समय उसकी इंटर्नशीप निरस्त की जा सकती है ।

9.15. प्रदर्शन के आधार पर देय इंसेन्टिव दर, प्रक्रिया निर्धारण करने हेतु प्रबंध संचालक, छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ द्वारा अधिकृत अधिकारी का ही होगा । इंटर्न इसमें किसी भी प्रकार का दावा नही कर सकते ।

9.16. अनुसंधान भत्ता का निर्धारण कार्य की प्रगति के आधार पर प्रति माह भुगतान किया जावेगा । इंटर्न इसमें किसी भी प्रकार का दावा नही कर सकते ।

9.17. यह इंटर्नशीप छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ में किसी भी प्रकार के नौकरी या नियुक्ति का आश्वासन नही करता ।

9.18. चयनित इंटर्न द्वारा यदि दूरस्थ क्षेत्रों में प्रवास के लिए असहमति दी जाती है तो तत्काल प्रभाव से उनकी इंटर्नशीप समाप्ति की जावेगी ।

**प्रबंध संचालक**

छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ, नवा रायपुर(छ.ग.)

## जिला यूनियनों अतंर्गत इंटर्न साक्षात्कार हेतु वृत्त कार्यालय का नाम एवं पता

**बिलासपुर वृत्त** - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,**
संत कंवर राम गेट,संजीवनी हास्पीटल के पास, नेहरू चौंक बिलासपुर,
जिला बिलासपुर (छ.ग.)
Mobile No.- 7000103869

**जगदलपुर वृत्त** - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** संजय मार्केट के पास, वृत्त कार्यालय जगदलपुर, जिला जगदलपुर (छ.ग.)
Mobile No.- 99939 45301, 81035 76771

**कांकेर वृत्त** - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** उदय कॉलोनी के पास, रायपुर रोड, कांकेर, जिला कांकेर (छ.ग.)
Mobile No.- 98066 83412

**रायपुर वृत्त एवं** - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** राज्य वन अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (SFRTI), बरोंडा, जीरो पाईंट, विधानसभा रोड, रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.), Mobile No.- 82260 03331

**दुर्ग वृत्त** - **कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महा प्रबंधक,** जेल रोड पांच बिल्डिंग के पास, दुर्ग, जिला दुर्ग (छ.ग.)
Mobile No.- 94241 21413

**वन वृत्त से संबंधित जिला यूनियन का नाम**

| क्र. | वन वृत्त का नाम | संबंधित वृत्त/ जिला यूनियन का नाम |
|---|---|---|
| 1. | जगदलपुर | जगदलपुर वृत्त, जगदलपुर, बीजापुर, सुकमा, दंतेवाड़ा |
| 2. | कांकेर | कांकेर वृत्त, कांकेर, नारायणपुर, पूर्व भानुप्रतापपुर, पश्चिम भानुप्रतापपुर, कोण्डागांव, केशकाल |
| 3. | रायपुर | रायपुर मार्ट, धमतरी, गरियाबंद, संघ मुख्यालय |
| 4. | दुर्ग | दुर्ग वृत्त, बालोद, राजनांदगांव, कवर्धा, खैरागढ़ |
| 5. | बिलासपुर | बिलासपुर, कटघोरा, मरवाही, कोरबा, रायगढ़ |

## //इंटर्नशीप हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप//

प्रति,

**मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन मुख्य महाप्रबंधक**
वन वृत्त,....................(छ.ग.)

स्व-प्रमाणित
फोटो ग्राफ

**आवेदित इंटर्न पद का प्रकार :-** ........................................

1. नाम ------------------------------------------------
2. पिता का नाम ------------------------------------------------
3. जन्मतिथि (अंको में) ------------------------------------------------
   जन्मतिथि (शब्दो में) ------------------------------------------------
4. लिंग (महिला/पुरूष) ------------------------------------------------
5. जिला ------------------------------------------------
6. स्थायी पता ------------------------------------------------
   ------------------------------------------------
7. वर्तमान पता ------------------------------------------------
   ------------------------------------------------
8. ई-मेल ------------------------------------------------
9. मोबाईल नंबर ------------------------------------------------
10. आधार नंबर ------------------------------------------------

**11. शैक्षणिक योग्यता :-**

| क्र. | परीक्षा का नाम | संस्था/बोर्ड का नाम | वर्ष | विषय | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

12. कम्प्यूटर दक्षता (हॉं/नही) ------------------------------------------------
13. कार्य अनुभव अगर हो तो वर्ष/महीना में अंकित करें । ------------------------------------------------
14. स्व-प्रमाणित दस्तावेजों की सूची। ------------------------------------------------

स्थान :
दिनांक :

**(अभ्यर्थी का पूर्ण नाम, पता एवं हस्ताक्षर)**

--घोषणा पत्र--

-0-

मैं ........................................... प्रमाणित करता/करती हूं कि इंटर्नशीप साक्षात्कार हेतु मेरे द्वारा दी गई समस्त जानकारी सत्य है । मैं इंटर्नशीप चयन के समस्त नियम एवं शर्तों अनुसार अर्हता रखता/रखती हूं। इंटर्नशीप चयन/अवधि के दौरान अन्य राज्य में प्रवास तथा मूल पदस्थिति के अतिरिक्त अन्य जिले में पदस्थिति किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी ।

इंटर्नशीप चयन/अवधि के दौरान किसी भी स्तर पर मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत अथवा असत्य पाये जाने पर चयन निरस्त किये जाने पर मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी ।

स्थान :
दिनांक :

(अभ्यर्थी का पूर्ण नाम, पता एवं हस्ताक्षर)